**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 28.10.2024**

**विषयः- 34 किग्रा0 अवैध पटाखा के साथ थाना चितईपुर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक चितईपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28.10.2024 को 34 किग्रा0 पटाखे के साथ अभियुक्त मंगरू पुत्र लुरखुर पता कौशलपुरी मोड़ सुसुवाही थाना चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 45 वर्ष को कौशलपुरी कालोनी के पास से अभिरक्षा पुलिस मे लिया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चितईपुर पर मु0अ0सं0 0197/2024 धारा 5/9B विष्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण**– दिनांक 28.10.2024 को थाना चितईपुर पुलिस कार्य सरकार में गौतम नगर मोड़ धर्मवीर नगर थाना चितईपुर वाराणसी पर मामूर थी और आने जाने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहा थी तभी नासिरपुर सुसुवाही की तरफ से मुखबिर खास बताया कि एक व्यक्ति कौशलपुरी मोड़ पर दो प्लास्टिक के बोरे मे पटाखे लिये खड़ा है और बेचने की फिराक मे है। मुखबिर खास की सूचना पर कौशलपुरी मोड़ पर खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम, पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मंगरू पुत्र लुरखुर पता कौशलपुरी मोड़ सुसुवाही थाना चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 45 वर्ष बताया तथा जामा तलाशी ली गयी तो पहने पहने लोवर के बाये पाकेट से 270 रूपये बरामद हुआ। व बोरी को खोलकर देखा गया तो 34 Kg अवैध पटाखे विभिन्न प्रकार के बरामद हुए। पकडे गये व्यक्ति से उनके जुर्म का बोध कराते हुए दिनांक 28.10.2024 समय 16.30 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-**

1. मंगरू पुत्र लुरखुर पता कौशलपुरी मोड़ सुसुवाही थाना चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र 45 वर्ष।

**बरामदगी-** 34 किग्रा0 अवैध विभिन्न प्रकार के पटाखे (02 अदद प्लास्टिक की बोरी में सीलसर्वमुहर) व जामा तलाशी से बरामदशुदा 270 रु0 नगद।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** हिरासत दिनांक 28.10.2024 स्थान- कौशलपुरी मोड़ सुसुवाही।

**<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -**

1 मु0अ0सं0 0197/2024 धारा 5/9B विष्फोटक अधिनियम थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>**

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 श्री संदीप कुमार सिह थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
3. उ0नि0 श्री कृष्णदेव उपाध्याय थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
4. हे0का0 कमलेश सिंह थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
5. का0 सूरज सिंह थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
6. का0 विकास गुप्ता थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
7. का0 कमल किशोर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**